तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **भवरी बनाम लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़)** सू.अ.अपील संख्या 418 / 2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24.01.23	अपीलार्थी भवरी निवासी ग्राम बागोरिया, तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 13.10.2022 में उसके द्वारा (1) साल 2022 में भोपालगढ़ क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा योजना में कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए, कितने आवेदन को सम्मिलित किया गया, कितने आवेदन क्या कमी होने से निरस्त किया गया (2) अन्य बिन्दू से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी, भोपालगढ़) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखंड अधिकारी, भोपालगढ़) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखंड अधिकारी, भोपालगढ़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी, भोपालगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	